मुख्यमंत्री ने शुरू किया भेंट-मुलाकात अभियान का दूसरा चरण

चर्चा में क्यों?

18 मई, 2022 को मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने अपने प्रदेशव्यापी भेंट-मुलाकात अभियान के द्वितीय चरण की शुरुआत बस्तर संभाग के कोंटा विधानसभा से की।

प्रमुख बिंदु

- बस्तर संभाग में भेंट-मुलाकात अभियान के दूसरे चरण में मुख्यमंत्री 18 मई से 2 जून, 2022 तक बस्तर के विधानसभा क्षेत्रों का दौरा करेंगे।
- मुख्यमंत्री बघेल ने कोंटा के नगर पंचायत परिसर में आम जनता से भेंट-मुलाकात कर शासकीय कार्यक्रमों और योजनाओं के क्रियान्वयन के संबंध में जानकारी ली, उनकी समस्याएँ सुनीं और आम जनता तथा स्थानीय जनप्रतिनिधियों की मांग पर कोंटा ज़िले की दो उप-तहसीलों जगरगुंडा एवं दोरनापाल को तहसील बनाए जाने की घोषणा की।
- मुख्यमंत्री ने इस मौके पर कोंटा ब्लॉक के बंडागाँव एवं जगरगुंडा में विद्युत सब-स्टेशन की स्थापना, कोंटा के 30 बिस्तर वाले सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र (अस्पताल) को विस्तारित कर 50 बिस्तर करने, दुब्बाटोटा में खेल मैदान, छत्तीसगढ़ राज्य की अंतरराज्यीय सीमा पर छत्तीसगढ़ प्रवेश द्वार और एर्राबोर में मिनी स्टेडियम का निर्माण कराए जाने की भी घोषणा की।
- गौरतलब है कि मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने प्रदेश के सभी 90 विधानसभा क्षेत्रों के लिये भेंट-मुलाकात अभियान की शुरुआत 4 मई से की है।
- भेंट-मुलाकात अभियान के पहले चरण में मुख्यमंत्री बघेल ने 4 से 11 मई तक सरगुजा संभाग के विधानसभा क्षेत्रों का दौरा किया। इस दौरान उन्होंने तीन ज़िलों के विधानसभा क्षेत्र में जनता के बीच पहुँचकर शासकीय योजनाओं के क्रियान्वयन और जनता को मिल रहे लाभ के बारे में जानकारी ली।
- मुख्यमंत्री ने संपर्क-संवाद-समाधान के ध्येय के साथ जहाँ आम जनता से सीधी बात की और उनकी समस्याओं को जानकर उनका त्वरित निराकरण किया, वहीं जनता की मांग पर उन्होंने विकास एवं निर्माण कार्यों की सौगातें भी दीं।

PDF Refernece URL: https://www.drishtiias.com/hindi/printpdf/cm-launches-second-phase-of-bhent-mulakat-campaign